मेरी मां का सानी कोई नहीं .... भर लो झोलियां
मां सोए भाग जगा देती
कागों को हंस बना देती
भवरों से नाव बचा देती
कुल सृष्टि की ये ....जय हो
कुल सृष्टि की ये रानी है
मां तीन लोक को स्वामि है ....भर लो झोलियां

अज कालका माई आई है
मां भवना वाली लाई है
मां ने रचना आज सजाई है
मां दर्शन देती ....जय हो
मां दर्शन देती हर पल में
मां मेहरा करती हर पल में..............भर लो झोलियां

59

जय माता की

हे मां मुझको ऐसा घर दे, जिसमें तुम्हारा मन्दिर हो

ज्योत जले दिन रैन तुम्हारी, तुम मन्दिर के अन्दर हो

एक कमरा हो जिसमें तुम्हारा

आसान माता लगा रहे

हर पल हर क्षण भगतों का वहां

आना जाना लगा रहे

छोटे बड़े का मां उस घर में

एक सामान ही आदर हो – ज्योत जले

हर प्राणी उस घर का माता

तेरी महिमा गाता रहे

तू रख्खे जिस हाल में दाती

हर पल शुक्र मनाता रहे

कभी न हिम्मत हारे हम मां

चाहे समा भयंकर हो........ज्योत जले

तेरे दर से कोई सवाली

कभी न खाली जाए मां

चैन में पाऊँ तब तब दाती

जब जब तुम्हें रिझाऊँ मां

मुझको वो वरदान दे मैया

तुम तो दया का सागर हो ....ज्योत जले

हे मां हे मां हे मां हे मां

हे मां हे मां हे मां हे मां

60

जय माता की

जे मेरे ते कृपा करेगी, मेरी खाली झोली भरेगी मां

ते में देवा सत चुन्नियां, में देवाँ सत चुन्निया

मै देवाँ सत चुन्निया मै देवाँ सत चुन्निया

जे सुतड़े भाग जगावेगी, मेरे बेड़े लाल खिड़ावेगी

ते मैं देवाँ सत चुन्निया, मै देवाँ सत चुन्निया

तेरी बहुत सुनी बड़माई मां, मैने आस तेरे ते लाई मां

मेरा करदे दूर अंधेरा मां, मैं फडया ऐ लड़ तेरा मां

जे मन्ने दी अरदास मेरी, हर पूरी करेगी आस मेरी

ते मैं देवां सत चुन्निया, मैं देवां सत चुन्नियां

तेरे द्वार ते जो भी आया मां, ओने मुह मंगया फल पाया मां

तू दाती मेहरां वाली है, ना मोड़े सवाली खाली है

जे चिन्ता मेरी हर लेगी..............

मां नजर सबल्ली कर देगी ....

जे चिन्ता मेरी हर लेगी, मां नजर सवल्ली कर देगी – तो मैं देवां

एक तुइयो प्यारी जग तो मां, कड लैंदी बलदी अग तो मां

तेरे वरगा माइये कोई नहीं, सानू होर किसे थां कोई नहीं

जे अजु मेरे रूक जावन ....

माइये नी अखड़े मुक जावन............

मेरा चोला करदे साफ नी मां, मेरी भुलचुक करदे माफ नी मां

मेरी विनती मां मंजूर करीं, मुझे चरणों तो न दूर करीं

जे मेहर दे छिट्टे पावेगी.........
मेरी बिगड़ी मां बनावेगी.........
मैं होर किसे न कहना है जो लैना तैथों लैना है
मेरी डोर हवाले तेरे मां, कर सपने पूरे मेरे मां
जे बेड़ै बन्ने ला देगी............
कंटयां पे फूल बना देगी...........

61

जय माता की

जेड़े मैया दा जयकारा लान्दे ने , भव तर दे

जड़े बाबा दा जयकारा लान्दे ने , भव तर दे

जेड़े जय माता दी बुलान्दे ने , भव तर दे

प्रेम से बोलो जय माता दी

सब मिल बोलो जय माता दी   जय माता दी.......................

ओ मैया मेहर जिन्हा दे करदे

ओ तो मौजा ही मौजा करदे

धर उसदा ध्यान, लैंके प्यारी मां दा नाम

दिन रात जो मां नू मनान्दे ने, भव तर दे

ओ ऋद्धि सिद्धियां दी दाता माई

ओ साड़ी करम विधाता माई

जेड़े अको मां के दर, पल्ला मैया दा पकड़

ओदे दर ते शीश झुकान्दे ने, भव तर दे

ओ मां दे द्वार दी चर्चा है जग ते

ओ मां दी मेंहर दी बरखा है सब ते

धर उस वल मन, सच्ची लाके लगन

मां दे नाम इच जो रंग जान्दे ने , भव तर दे

ओ आके झोली मां दे दर ते फैला लो

मुंह मंगया मैया तों वर पालो

धर मन इच ध्यान, करें मां दा गुणगान

जेड़े दिल मैया नू बसान्दे ने
जेड़े दिल मैया नू देन्दे, भव तर दे
जयकारा मौना वाली दा
बोल सांचे दरबार को जय

62

जय माता की

संगता दर ते आइयां, मां सुन के तेरी बहआईयां
तू मेहर दा मीं बरसाये, ते खैर झोली विच पा दे
ते खैर झोली विच पाये ....मां
एस हथ्थों या भावें ओस हथ्थों या

लट लट बलदी लाट तेरी मां करां कि वरनन लीला
करां कि बरनन लीला मां तेरी करां कि बरनन लीला
जिसदा जग ते वस न चलया उसदा ज्योंत वसीला
उसदा ज्योत वसीला मां मेरी उसदा ज्योत वसीला
तू लीला फिर दिखलाये ते भक्ति झोली पादे
ते भक्ति झोली पादे – मां
असी न मंगदे हीरे मोती, न कोई मिश्री मेवा
न कोई मिश्री मेवा माइये न कोई मिश्री मेवा
मां जे साडी लगन है सच्ची रहीं तू अंगसंग देवा
तू दुःख दे मेघ उड़ाये ते चानन पल्ले पा दे
ते चानन पल्ले पा दे ....मां
मूढ़ मती अन्जान असी हां, तू मैया गुणवन्ती
तू मैया गुणवन्ती देवा तू मैया गुणवन्ती
जद जद सदिये तुरत ही आवे लैके शेर बसन्ती
बच्च्यां नू तू तारन आवे लैके शेर बसन्ती
लैके शेर बसन्ती माइये लैके शेर बसन्ती
तेरे दर ते शीश झुकावें, तू शरणी अपनी ला ले
तू शरणी अपनी लाले ....मां

63

जय माता की

जेड़े पासे जाइये सानू तू दिसदी
तू दिसदी नी माए तू दिसदी
सूरज चन्द सितारेया नजारां इच
तेरा महारानिये वजूद दिसदा
उच्चया पहाड़ा विच जंगला ते शहरा इच
नाम तेरा हरदम मौजूद दिसदा
सागर दी लहरा दे नदिया दी धारा दे
डुबकी भी जिथ्थे किथ्थे लाइये माइये सानू तू दिसदी
खेताँ खलिहाना विच ठंडिया ब्यारा विच
औंदी है सुगन्ध माए तेरे नाम दी
तुझ्यों पूजा भक्ति है तुझ्यों महाशक्ति है
तू ही माए मात्रा है चारों धाम दी
फुल्लों और कलियों नू श्रद्धा दे नाल गुंध
माला जय तेरी मां बनाइये, माइये सानू तूं दिसदी
सतियों दे तप विच जपियों दे जप विच
हवन दी आहुति इच नूर तेरा है
साधु सन्यासी विच बारह मां राशि विच
नौ ही ग्रहों विच सरूर तेरा है
अन्दरा दी आंखां खोल मन दे मन्दरा विच
जद तेरी ज्योत मां जगाइये, माइये सानू तू दिसदी

64

जय माता की

तेरे कोलों मंगना मां तेरे कोलों मंगना
सेवा दार तेरा मैया रवे कोई तंग ना
तेरे रंग रंगना मां तेरे रंग रंगना

तेरी तस्वीर दाती दिल विच बस जाए
रोम रोम विच मेरे नाम तेरा रम जाए
तेरे रंग उत्ते चढ़े होर कोई रंग ना

दुनिया दे रंग छूटे अपना मां संग दे
मंगना ना बाकी रह जाए ऐसा मैनु वर दे
तेरे मंगते नू दाती मंगने दा ढंग ना

तेरा दर छड के मैं होर दर जावां ना
तेरे सिमरन बिना होर गीत गावां ना
निर्धन मंगते नू मां लोढ़ किसी धन ना

तेरे घर विच दाती रहगता दा काल ना
हल न होवे जेढ़ा ऐसा कोई सवाल ना
विनती करूं ए मैया छूटे तेरा संग ना

65

जय माता की

भोले भाले मुखड़े दा जवाब नहीं

भली जादी मां दी किसी कोलों ताव नहीं

नजर भी मां नजारा भी मां

चन्दा भी मां सितार भी मां

सागर भी मां किनारा भी मां

एदी रहमत दा किसी नू हिसाब नहीं

धरती भी मां आकाश भी मां

आस भी मां ते पास भी मां

मेरा ता विश्वास भी मां

मैं तेरा हां दास भी मां.............

केड़ा कहदां भगतां मां दे कोलों लाभ नहीं

गुल भी मां गुलजार भी मां

सुर भी मां ते सितार भी मां

तीर भी मां तलवार भी मां

मेरा तां संसार भी मां.............

ए दी शक्ति दा जगत जवाब नहीं

66

जय माता की

(हां) दुष्टों दा दिल धक धक करदा

ते ठंड भगतां नू पैंदी ....

शेरां वाली मां जगदम्बे जदों शेर पे वैंदी

जय जय जय मां ....

जद मेरी दाती करे सवारी देके शेर नू धापी

बड़ जान्दै बुकला दे अन्दर मार के चिख्खां पापी

थर थर कंपदे विच बुकलां दे –जय मां–

थर थर कंपदे विच बुकलां दे, सूरत कुछ न रहन्दी...........

शेरां वाली मां जगदम्बे जदों शेर ये बैंदी

लैके मां नू शेर चले जद धरती डगमग डोले

वेख वेख के शक्ति मां दो हर कोई जै जै बोले

गरजे शेर जदों मैया दा ....जय मां

गरजे शेर जदों मैया दा सुन के मौत डरेन्दी..........

शेरां वाली मां जगदम्बे

भगतां लइ जल रूप कहावे दुष्टां लइ मां ज्वाला

करे शेर ते जद सवारी लेके नेजा भाला

भई लख लख दे सिर पैन धरती पे .... जय मां

भई लख लख दे सिर पैन धरती पे, तेज जिधर भी पैंदी –

शेरां वाली मां जगदम्बे जदों शेर पे बैंदी –

67

जय माता की

झूठ साथी
क्रोध नाती
सच दुश्मन
मैं महान

चलो मां के दर जाए हम
चलो जैकार लगाएं हम

जिसके हृदय में राम नाम रंग है
उसको हर घडी आनंद ही आनंद है

जिसको सत्संग हर दम पसंद है
उसको हर घडी आनंद ही आनंद है

राम में भोले और भोले में राम
भक्त हनुमान जप्ते दोनों के नाम
जिसके दिल में बसत श्री राम हैं
उसके तनमन में उमंग ही उमंग है

राम नाम का लेके सहारा
तर जायेगा भव से पारा
जिसके तनमन में राम ही राम हैं
उसके जीवन में आराम ही आराम है
राम की शरणी जो आया
उसने हर सुख जीवन में पाया
राम जी की रजा में जो रजामंद है
उसको हर घडी आनंद ही आनंद है

68

जय माता की

महा शिवरात्रि आयी,

सुखो की दात्रि आयी,

मगन मन डोले रे,

कहो बम भोले रे,

बबम बम भोले रे,

कहो बम भोले रे।।

जो भोले का जाप करे,

पाप का पश्चाताप करे,

दुःख से सुख का मिलाप करे,

भेद यह खोले रे,

कहो बम भोले रे,

बबम बम भोले रे,

कहो बम भोले रे।।

शिवरात्रि का व्रत रखे जो,

तीनो प्रहर जो पूजे इनको,

शुभ आशीष ये देते उसको,

शुभ आशीष ये देते उसको,

मधु रस घोले रे,

कहो बम भोले रे,

बबम बम भोले रे,

कहो बम भोले रे।।

महा शिवरात्रि आयी,

सुखो की दात्रि आयी,

मगन मन डोले रे,

कहो बम भोले रे,

बबम बम भोले रे,

कहो बम भोले रे।।

69

जय माता की

मां ज्वाला देवी चालीसा

।।दोहा।।

शक्ति पीठ मां ज्वालपा धरूं तुम्हारा ध्यान ।
हृदय से सिमरन करूं दो भक्ति वरदान ।।

सुख वैभव सब दीजिए बनूं तिहारा दास ।
दया दृष्टि करो भगवती आपमें है विश्वास ।।

।।चौपाई।।

नमस्कार हे ज्वाला माता । दीन दुखी की भाग्य विधाता ।।
ज्योति आपकी जगमग जागे । दर्शन कर अंधियारा भागे ।।

नव दुर्गा है रूप तिहारा । चौदह भुवन में दो उजियारा ।।
ब्रह्मा विष्णु शंकर द्वारे । जै मां जै मां सभी उच्चारे ।।

ऊंचे पर्वत धाम तिहारा । मंदिर जग में सबसे न्यारा ।।
काली लक्ष्मी सरस्वती मां । एक रूप हो पार्वती मां ।।

रिद्धि–सिद्धि चंवर डुलावें । आ गणेश जी मंगल गावें ।।
गौरी कुंड में आन नहाऊं । मन का सारा मैल हटाऊं ।।

गोरख डिब्बी दर्शन पाऊं । बाबा बालक नाथ मनाऊं ।।
आपकी लीला अमर कहानी । वर्णन कैसे करें ये प्राणी ।।

राजा दक्ष ने यज्ञ रचाया । कंखल हरिद्वार सजाया ।।
शंकर का अपमान कराया । पार्वती ने क्रोध दिखाया ।।

मेरे पति को क्यों ना बुलाया । सारा यज्ञ विध्वंस कराया ।।
कूद गई माँ कुंड में जाकर । शिव भोले से ध्यान लगाया ।।

गौरा का शव कंधे रखकर चले नाथ जी बहुत क्रोध कर ।।
विष्णु जी सब जान के माया । चक्र चलाकर बोझ हटाया ।।

अंग गिरे जा पर्वत ऊपर । बन गए मां के मंदिर उस पर ।।
बावन है शुभ दर्शन मां के । जिन्हें पूजते हैं हम जा के ।।

जिह्वा गिरी कांगड़े ऊपर । अमर तेज एक प्रगटा आकर ।।
जिह्वा पिंडी रूप में बदली । अनसुइया गैया वहां निकली ।।

दूध पिया मां रूप में आके । घबराया ग्वाला वहां जाके ।।
मां की लीला सब पहचाना । पाया उसने वहीं ठिकाना ।।

सारा भेद राजा को बताया । ज्वालाजी मंदिर बनवाया ।।
चंडी मां का पाठ कराया । हलवे चने का भोग लगाया ।।

कलयुग वासी पूजन कीना । मुक्ति का फल सबको दीना ।।
चौंसठ योगिनी नाचें द्वारे । बावन भैरों हैं मतवारे ।।

ज्योति को प्रसाद चढ़ावें । पेड़े दूध का भोग लगावें ।।
ढोल ढप्प बाजे शहनाई । डमरू छैने गाएं बधाई ।।

तुगलक अकबर ने आजमाया । ज्योति कोई बुझा नहीं पाया ।।
नहर खोदकर अकबर लाया । ज्योति पर पानी भी गिराया ।।

लोहे की चादर थी ठुकवाई । जोत फैलकर जगमग आई ।।
अंधकार सब मन का हटाया । छत्र चढ़ाने दर पर आया ।।

शरणागत को मां अपनाया । उसका जीवन धन्य बनाया ।।
तन मन धन मैं करुं न्यौछावर । मांगूं मां झोली फैलाकर ।।

मुझको मां विपदा ने घेरा । काम क्रोध ने लगाया डेरा ।।
सेज भवन के दर्शन पाऊं । बार–बार मैं शीश नवाऊं ।।

जै जै जै जगदम्ब ज्वालपा । ध्यान रखेगी तू ही बालका ।।
ध्यानु भगत तुम्हारा यश गाया । उसका जीवन धन्य बनाया ।।

कलिकाल में तुम वरदानी । क्षमा करो मेरी नादानी ।।
शरण पड़े को गले लगाओ । ज्योति रूप में सन्मुख आओ ।।

।।दोहा।।

रहूं पूजता ज्वालपा जब तक हैं ये स्वांस ।
"ओम" को दर प्यारा लगे तुम्हारा ही विश्वास ।।

70

जय माता की

राम लला मोरे राम

राम लला मोरे राम लला,
राम लला मोरे राम लला,
राखे रहियो मोरी खबरिया,
मोरे राम लला,
राम लला मोरे राम लला,
राम लला मोरे राम लला,
राखे रहियो मोरी खबरिया,
मोरे राम लला

ओ सिया के संवरिया,
मोरे राम लला,
राखे रहियो मोरी खबरिया,
मोरे राम लला,
राखे रहियो मोरी खबरिया,
मोरे राम लला,
मोरे राम लला

थोड़ी देर थाहर जा रे मन,
राम नाम में राम जा,
मोह माया में ऐसा उलझा,
प्रभु को कभी ना समझा,
थोड़ी देर थाहर जा रे मन,

राम नाम में रम जा,

मोह माया में ऐसा उलझा,

प्रभु को कभी ना समझा,

पछतावा ही हाथ लगेगा,

पछतावा ही हाथ लगेगा,

बीत जाय उमरिया,

मोरे राम लला,

राखे रहियो मोरी खबरिया,

मोरे राम लला,

राखे रहियो मोरी खबरिया,

मोरे राम लला,

मोरे राम लला

राम नाम से सांचा कोई,

दूजा नहीं है नाम,

मन के मंदिर में बसाया,

जय जय श्री राम,

राम नाम से सांचा कोई,

दूजा नहीं है नाम,

मन के मंदिर में बसाया,

जय जय श्री राम,

हर सूरत में राम दिखेंगे,

हर सूरत में राम दिखेंगे,

जब बदली मोरी नजरिया,

मोरे राम लला,

राखे रहियो मोरी खबरिया,

मोरे राम लला,

राखे रहियो मोरी खबरिया,

मोरे राम लला,

मोरे राम लला

राखे रहियो मोरी खबरिया,

मोरे राम लला,

ओ सिया के संवरिया,

मोरे राम लला,

राखे रहियो मोरी खबरिया,

मोरे राम लला,

राखे रहियो मोरी खबरिया,

मोरे राम लला,

मोरे राम लला

राम लला मोरे राम

71

जय माता की

शिव जी बिहाने चले, पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम, संग संग बाराती चले,
ढोलवा बजाई के, घोड़वा दौड़ाई के हो राम,
शिव जी बिहाने चलें, पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

हिमगिरि ने गौरा के ब्याह की, लगन पत्रिका लिखवाई,
नारद जी के हाँथ वो चिट्ठी, ब्रह्मा जी तक पहुचाई,
ब्रह्मा जी ने लगन पत्रिका, सबको बाँच सुनाई थी,
शंकर की बारात चलेंगे, सबने खुशी मनाई थी,
देवता करें तैयारी, अपनी अपनी असवारी,
लेके कैलाश चले, शंख बजाए के,
खुशियां मनाए के हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें, पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

विष्णु और लक्ष्मी जी दोंनो, गरुड़ के ऊपर चढ़ आए,
दाढ़ी वाले बूढ़े ब्रह्मा, हंस सवारी ले आए,
बड़ी शान से इंदर आए, ऐरावत लेके हाँथी,
भैंसे पर यमराज विराजे, और यमदूत सभी साथी,
मस्ती में हरि गुण गाते,नारद जी खुशी मनाते,
शंकर के बने बराती, वीणा बजाई के,
तारों को सजाई के हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें, पालकी सजाई के, भभूति रमाई के हो राम।।

शंकर के गण हुए इक्कट्ठे, बाबा को परणाम किया,
हार श्रृंगार बनाने वाला, तब सारा सामान लिया,
राख मँगाकर शमशानों से, उसकी लेप बनाई थी,
कहके उनके, तन पे भभूत चढाई थी,
बूढ़े में कुंडल वाला, बैठा था फणीयर काला,
मस्ती में झूम रहा, फणवा घुमाई के, जिह्वा हिलाई के हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चले,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

मस्तक पे थे त्रैलोचन और, दूध का चंद्र विराज रहा,
डम डम डमरू बाजे और, त्रिशूल हाँथ में साज रहा,
भोले बाबा को पहनाई, नर मुंडो की इक माला,
बागम्बर की खाल ओढाई, और कंधे पर मृगछाला,
गंगा की धारा बहती, कलकल कल करके कहती,
बुरी नजर से इन्हें, रखना बचाई के,
मुखड़ा छुपाई के हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

किसी की आँखे तीन तीन और, किसी के माथे एक लगी,
एक टांग पे चले कोई और, किसी के टांग अनेक लगी,
मुँह किसी का लगा पेट में, और किसी का छाती में,
कोई ऊँचा आसमान सा, कोई रेंगता धरती में,
लंबा चौड़ा मुँह खोले, बोली भयंकर बोले,

धरती गगन भर डाला, बभूति उड़ाई के,
धूम मचाई के हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें, पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

गरुड़ के ऊपर विष्णु निकले, ब्रह्मा हंस को साथ चले,
ऐरावत पर इंदर बैठे, भैंसे पर यमराज चले,
बाकी देवता भी ले चल रहें, अपनी अपनी असवारी,
भोले शंकर ने देखा, हो गई बारात की तैयारी,
नंदी पर आप विराजे, डमरू त्रिशूल को साजे,
खुशियों में नंदी नाचे, सिंगवा हिलाइके,
पूँछवा घुमाइके हो राम, ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

आगे आगे शंकर बाबा, पीछे भूत परेत चले,
ब्रह्मा विष्णु धर्मराज और, इंदर गरुड़ समेत चले,
ढोल नगाड़े शंख बजे और, बाज रही थी शहनाई,
चलते चलते शंकर की बारात, नगर के पास आई,

सुंदर स्थान निहारा, शिवजी ने किया इशारा,
देवता नाचन लागे, झंडे उठाइके,
बाजे बजाइके हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

हिमगिर ने जब शोर सुना, पंचायत आपनी बुलवाई,
मिलजुल कर सब करे स्वागत, गौरा की बारात आई,
चले उधर पंचायत वाले, स्वागत गीत सुनाते थे,
उनसे भी आगे कुछ बच्चे, भागे दौड़े जाते थे,
दूल्हे के देखे नैना, भूतों प्रेतों की सेना,
बालक तो घर को भागे, होश भुलाइके,
सांस फुलाईके हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

मात पिता सों बालक बोले, ये कैसी बारात आई,
लगता है के नर्क छोड़, यमदूतों की जामात आई,
जो इस ब्याह को देखेगा वो, बड़ा भाग्यशाली होगा,
पर हम कहते हैं कि सारा, नगर आज खाली होगा,
माता पिता समझावे, बच्चों को पास बुलावें,
डर को छोड़ो तुम खेलो, खुशियाँ मनाई के,
राघवेंद्र गाई के हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

हिमगिर ने सबके स्वागत में, अपने नैन बिछाए थे,
कर विनती सम्मान सभी को, जनवासे में लाए थे,
इंद्रपुरी से जनवासा था, जहाँ उन्हें ठहराया था,
दास दासियों ने आकर, सबको जलपान कराया था,

ब्रह्मा और इंदर आए, देखके सब हरषाए,
विष्णु को माथा टेके, शीश झुकाई के,
हरि गुण गाइके हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

इतने में गौरा की सखियाँ, सोने की थाली लाई,
महादेव शंकर दूल्हे की, आरती करने को आई,
उन सबने नारद से पूछा, दूल्हा कौन है बतलाओ,
बैठा है जिस जगह वही पे, हम सबको भी पहुँचाओ,
नारद की निकले हाँसी, बोले तब खाँस के खाँसी,
संग गणों को भेजा, रास्ता दिखाइके,
जरा मुस्कुराइके हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

सखियों ने देखा बारात ये, नही परेतों की टोली,
भांत भाँत के रूप बनावे, तरह तरह बोले बोली,
कोई तो पीवे सूखा गाँजा, कई घोटते भाँग रहे,
छीना झपटी करते हैं, कई इक दूजे से माँग रहे,
मस्ती में झूम रहे हैं, नशे में घूम रहे हैं,
भाँग को लागे रगड़ा, सोटवा घुमाइके,
घोटवा लगाइके हो राम, ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

सखियों ने दूल्हे को देखा, लंबी दाढ़ी वाला है,
हाँथ में जिसके खप्पर डमरू, गले सांप की माला है,
जटाजूट बांधे और तन पे, जिसने राख चढ़ाई है,
बागम्बर की खाल ओढ़ने, ते मृगछाल बिछाई है,
सखियाँ जब करे इशारे, नंदी जी खड़े निहारे,
सखियों के पीछे पड़ गए, पूछनी घुमाइके,
सिंगवा हिलाइके हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

जनवासे से बाहर निकली, सब सखियाँ घबराई थी,
गौरा तेरी किस्मत फूटी, उसे बताने आई थी,
पार्वती से आकर बोली, तेरा दूल्हा देख लिया,
तेरे पिता ने बस यूं समझो, तुझे नर्क में भेज दिया,
है वो शमशान का वासी, है कोई जोगी सन्यासी,
मस्ती में डूबा रहे, भाँग चढ़ाई के,
धतूरा चबाई के हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

पार्वती ने उत्तर ऐसे, दिया सभी की बोली का,
मेरा और शंकर का रिश्ता, है दामन और चोली का,
जनम जनम की लगन यही है, माँ अपनी से कह दूंगी,
व्याह होगा तो शंकर से, अन्यथा कंवारी रह लुंगी,

गौरा की सुनकर वाणी, खुश हो गई सखी सयानी,
चलने लगी दोनो की, जय जय बुलाई के,
गीत गुनगुनाइके हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

उधर गणों ने मिलकर के, शिव बाबा को तैयार किया,
इधर गौरी की सखियों ने था, गौरा का श्रृंगार किया,
महलों के प्रांगण में वेदी, सुंदर एक बनाई थी,
मंडप जब तैयार हुआ तो, फिर बारात बुलवाई थी,
देवता बाजे बजावे, शंकर डमरू खड़कावे,
भूतों की सेना चली, नाच दिखाई के,
धूम मचाई के हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

गलियों और बारातों में थी, सचमुच भीड़ लगी भारी,
अपने अपने घर के आगे, खड़ी हो हो देखे नारी,
ब्रह्मा विष्णु इंद्र आदि को, देख सभी हरषाई थी,
पर शंकर को देख नारियाँ, घर की भीतर भागी थी,
धक धक दिल धड़कन लागे, अंग सब फड़कन लागे,
नन्हे नन्हे बच्चों को, गोद मे उठाइके,
गले से लगाइके हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें,

पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

गौरा की माँ ने हिमगिर को, अपने पास बुलाया था,
साखियों ने जो हाल कहा था, सब उनको समझाया था,
बोली मैं अपनी बेटी को, तबाह नही होने दूंगी,
कुँए में गिरके मर जाउंगी, ब्याह नही होने दूंगी,
इतने में हरि गुण गाते, नारद जी वीण बजाते,
पिछले जनम की कथा, बोले समझाई के,
सबको सुनाई के हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

मण्डप में जब पहुँचे शंकर, आसन देके बिठलाया,
पहले उनकी पूजा करी फिर, पार्वती को बुलवाया,
बड़े प्रेम से हिमगिर ने, गिरजा का कन्यादान किया,
शंकर सहित बराती जितने, सबका ही सम्मान किया,
शंकर और पार्वती की, सुंदर सी जोड़ी देखी,
देवता खुश हुए, फूल बरसाइके,
जय जय बुलाई के हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

गले लगाकर बेटी को, हिमगिर मैना ने विदा किया,
पार्वती को शंकर ने, नंदी की पीठ पर बिठा लिया,
सोमनाथ की इस गाथा को, सुने वा इसका गान करें,
संकट सारे मिट जाए, शिव जी उनका कल्याण करें,
लेकर के पार्वती को, शंकर कैलाशपति को,
नंदी मस्ती में भागे, सिंगवा हिलाइके,
पूँछवा घुमाइके हो राम,
ए भैया शिव जी बिहाने चलें,
पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।

शिव जी बिहाने चले, पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम, संग संग बाराती चले,
ढोलवा बजाई के, घोड़वा दौड़ाई के हो राम,
शिव जी बिहाने चले, पालकी सजाई के,
भभूति रमाई के हो राम।।
गायक पं. सोमनाथ शर्मा।

72

जय माता दी

सीता राम

राधे श्याम

गौरी शंकर

लक्ष्मी गणेश

गोपी कृष्ण

माँ बाप

माता पिता

बहन भाई

स्त्री पुरुष

घरवाली घरवाला

स्याही दवात

झील तालाब

हानी लाभ

विधि विधान

रोटी कपड़ा

इत्यादी

दिवाली श्री राम लक्ष्मण और सीता माता के अयोध्या वापस आने पर मनाई जाती है

73

जय माता दी

राधे राधे बोल श्याम आयेंगे
आयेंगे श्याम आयेंगे
वृंदावन कहाँ दूर है
बरसाना कहाँ दूर है
सब तेरी नजर का कसूर है
राधे राधे.......

निकले का तेरी भगती का परिणाम
तेरे घर भी आयेंगे घनश्याम
बस याद कर बस फर्याद कर
ना यू जीवन बर्बाद कर
बीते दिन लौट ना आयेंगे
राधे राधे.......

ना देखे कोई धर्म करम ना जात
जाने बस भग्तो के दिल की बात
वो बस जान ले पहचान ले
इक बार वो अपना मान ले
फिर आकर गाले लगाएँगे
राधे राधे.........

लाखो में किसी एक को चुनते है
अनदर की आवाज को सुनते है

बस जान ले पहचान ले

इक बार वो अपना मान ले

फिर आकर गाले लगाएँगे

राधे राधे.........

प्रेम के आंसू जिनके बहते है

उनके तो हरि अंग संग रह्ते है

मैं भी प्यासी हु हरिदासी हु

राधा जू की खासम खास हु

सुन कर प्रभू देर ना लगायेंगे

राधे राधे........

74

जय माता दी

आरती मैया जी

मन में बसाके तेरी मूर्ति,
मन में बसाके तेरी मूर्ति
उतारू मैं अम्बे तेरी आरती,
उतारू मैं अम्बे तेरी आरती

तू ही सर्व मंगला तू ही भगवती,
तू ही सर्व मंगला तू ही भगवती
उतारू मैं अम्बे तेरी आरती,
उतारू मैं अम्बे तेरी आरती

करुणा करो कष्ट हरो चिंता मिटा दो,
आया शरण पूजूँ चरण भाग्य जगा दो
करुणा करो कष्ट हरो चिंता मिटा दो,
आया शरण पुजू चरण भाग्य जगा दो

तेरे सिवा अम्बे शिवा आसरा नहीं,
मन की जिसे बात कहे दूसरा नहीं
लाखों का तूने उद्धार है किया,

माँगा जिसने जो तुमने माँ दिया
छोटी सी मेरी थी ये मानों विनती,

मन में बसा के तेरी मूर्ति
मन में बसा के तेरी मूर्ति,
उतारू मैं अम्बे तेरी आरती

भव में फंसी आज मेरी तार दो नैया,
तुझसे बड़ा माँझी कोई और ना मैया
भव में फसी आज मेरी तार दो नैया,
तुझसे बड़ा मांझी कोई और ना मैया

जिसपे तेरा हाथ उसे आंच क्यों आये,
दूर करो अब तो काले गम के साये,

दर्द की दवा तेरे पास माँ,
टूट जाये ना मेरी आस माँ
जिन्दगी दया की है भीख मांगती,

मन में बसाके तेरी मूर्ति
मन में बसाके तेरी मूर्ति,
उतारू मैं अम्बे तेरी आरती

तू ही सर्व मंगला तू ही भगवती,
तू ही सर्व मंगला तू ही भगवती
उतारू मैं अम्बे तेरी आरती,

मांगु तुझसे क्या में यही सोचु मैया,
जिंदगी जब तेरे नाम करदी अर्पण

सब कुछ तेरा कुछ नहीं मेरा,
चिंता है तुझको मैया संसार की
मन बसाकर मैं तेरी मूर्ति,
उतारू मैं अम्बे तेरी आरती ||

वेद तेरी महिमा गाये संत करे ध्यान,
नारद गुणगान करे छेड़े वीणा तान
वेद तेरी महिमा गाये संत करे ध्यान,
नारद गुणगान करे छेड़े वीणा तान

भक्त तेरे द्वार करते है पुकार,
भक्त ध्यानु तेरी गाये आरती
मन में बसाकर अम्बे तेरी मूर्ति,
उतारू मैं अम्बे तेरी आरती ||

75

जै माता की

तूने पानी में ज्योत जगाई रे
तेरी जय हो ज्वाला माई रे
तूने राजा दक्ष के जन्म लिया
शिव शंकर के संग ब्याह किया
ओ तू तो पार्वती कहलाई रे
तेरी जय हो ज्वाला माई रे
तूने पानी में ज्योत जगाई रे
तेरी जय हो ज्वाला माई रे
तेरे पिता ने यज्ञ रचाया था
और तुमको नहीं बुलाया था
तू तो बिना बुलाये चली आई रे
सब देवों का आह्वान हुआ
शिव शंकर का अपमान हुआ
तू तो हवन कुंड में समाई रे

76

जै माता की

माँ तू प्रेम की मूरत है

माँ तू है अनमोल, जो जाने हमारे बोल,
माँ तेरा ना कोई मोल, तू तो प्रेम की मूरत है,
माँ तू प्रेम की मूरत है ॥
चरणों की धूल हैं तेरे, डाली के फूल हैं तेरे,
काँटे हमको ना समझना, माँ बच्चे हैं हम तेरे,
हमरा चलना हमरा हंसना, सब तेरा है आधार।
माँ तू है अनमोल, जो जाने हमारे बोल,
माँ तेरा ना कोई मोल, तू तो प्रेम की मूरत है,
माँ तू प्रेम की मूरत है ॥

क्यों गम से हम घबरायें, क्यों सबसे हम शरमायें,
जब माँ तू साथ है हमारे, क्यों सबको ना बतलायें,
चाहे दुःख हो या सुख हो, तेरा करते रहें गुणगान।
माँ तू है अनमोल, जो जाने हमारे बोल,
माँ तेरा ना कोई मोल, तू तो प्रेम की मूरत है,
माँ तू प्रेम की मूरत है ॥

'हम' हैं दास तुम्हारे, तुझसे ही आस हमारी,
बिन तेरे कौन सुने माँ, तू ही आवाज हमारी,
चाहे पायल चाहे बिछिया, देना चरणों में अस्थान।
माँ तू है अनमोल, जो जाने हमारे बोल,

माँ तेरा ना कोई मोल, तू तो प्रेम की मूरत है,

माँ तू प्रेम की मूरत है ॥

माँ तू है अनमोल, जो जाने हमारे बोल,
माँ तेरा ना कोई मोल, तू तो प्रेम की मूरत है,

माँ तू प्रेम की मूरत है ॥

77

जै माता की

छोटी पड़ गई झोली तूने इतना दिया

ओ मैया तेरी रहमतों ने ये करिश्मा किया,
छोटी पड़ गई झोली तूने इतना दिया,
अपना बनाया, गले से लगाया,
दे दी हमें अपनी, ममता की छाया,
ओ मैया बुझने दिया ना, आस वाला दीया,
छोटी पड़ गई झोली, तूने इतना दिया३

पुकारा तुझे हमने, जब जिस घड़ी है,
माँ अपने भवनों से, तू चल पड़ी है,
हमें लड़खड़ाने से, पहले संभाला,
सदा माँ दुखो के, भंवर से निकाला,
माँ तेरे हाथ में, जब मेरा हाथ है,
छू ले मुझको कहाँ, दुःख की औकात है,
ओ मैया तेरी दया का, हमने अमृत पिया,
छोटी पड़ गई झोली, तूने इतना दिया३

हाथ तेरा सदा माँ, सर पे रहे,
सर हमेशा माँ तेरे, दर पे रहे,
ओ मैया हर साँस हमने, नाम तेरा लिया,
छोटी पड़ गई झोली, तूने इतना दिया३

78

जै माता की

आया सावन बड़ा मन भावन

रिमझिम सी पड़े फुहार

आया सावन बड़ा मन भावन

आया सावन, बड़ा मन भावन,

रिमझिम सी पड़े फुहार,

राधा झूल रही कान्हा संग में॥

चले पुरवाई, घटा जब छाई,

बागों में आई बहार॥

राधा झूल रही कान्हा संग में॥

घर आँगन में, वृंदावन में,

सखियाँ गाएं मल्हार॥

राधा झूल रही कान्हा संग में॥

ऋतु आई प्यारी, झूलें नर नारी,

आया है तीज त्यौहार॥

राधा झूल रही कान्हा संग में॥

बालों में गजरा, अँखियों में कजरा,

आजा प्यारी करें श्रृंगार॥

राधा झूल रही कान्हा संग में॥
झूलें ब्रज बाला, झूलायें गोपाल,
देखें गोकुल के नर नार॥

राधा झूल रही कान्हा संग में॥

79

जै माता की

शिव शंकर का जब क्रोध बड़ा
भोले बाबा का जब क्रोध बड़ा
कांधे पे सती उठाई रे
मईया जहां तुम्हारे अंग पड़े
मईया वहाँ वहाँ तेरे मन्दिर बने
तू तो शक्ति पीठ कहलाई रे

मईया जहाँ तुम्हारे केश गिरे
वहाँ महामाई कहलाई रे
मईया जहाँ तुम्हारी जीभ गिरी
तू तो मां ज्वाला कहलाई रे
मईया जहाँ तुम्हारे नैन गिरे
तू तो मां नैना कहलाई रे
जै भोले बाबा की

आज शाम को करीब छः बजे वनखण्डी
महादेव के मन्दिर से महंत गिरी जी
मईया जी के मन्दिर में पधारे थे।
महन्त जी एक घंटे से ज्यादा मन्दिर
में रहे। उन्होंने आर्शीवाद दिया आगे
आने वाले समय सब कुछ बहुत अच्छा होगा।

हर हर महादेव।

80

जै माता की

भोले बाबा कमाल कर बैठे,
गौरा मैया से प्यार कर बैठे,
भोले बाबा कमाल कर बैठे,
गौरा मैया से प्यार कर बैठे।

मैं तो लाई जल का लोटा,
वो तो गंगा से प्यार कर बैठे,
भोले बाबा कमाल कर बैठे,
मेरे बाबा कमाल कर बैठे,
गौरा मैया से प्यार कर बैठे।

मैं तो लाई घिस के चंदन,
वो तो चंदा से प्यार कर बैठे,
भोले बाबा कमाल कर बैठे,
मेरे बाबा कमाल कर बैठे,
गौरा मैया से प्यार कर बैठे।

मैं तो लाई फूलों की माला,
वो तो नागों से प्यार कर बैठे,
भोले बाबा कमाल कर बैठे,
मेरे बाबा कमाल कर बैठे,
गौरा मैया से प्यार कर बैठे।

मैं तो लाई मेवा मिश्री,
वो तो भंगिया से प्यार कर बैठे,
भोले बाबा कमाल कर बैठे,
मेरे बाबा कमाल कर बैठे,
गौरा मैया से प्यार कर बैठे।

भोले बाबा कमाल कर बैठे,
गौरा मैया से प्यार कर बैठे,
भोले बाबा कमाल कर बैठे,
गौरा मैया से प्यार कर बैठे।

81

जै माता की

मैया मैया बोल नैया पार हो जाएगी,
मैया मैया बोल नैया पार हो जाएगी,
पार हो जाएगी, किनारे लग जाएगी,
मैया मैया बोल नैया पार हो जायेगी।

जिसको कहता तू मेरा मेरा
साथ नहीं देगा वो जग में तेरा,
स्वार्थी है दुनिया किनारे लग जाएगी,
मैया मैया बोल नैया पार हो जायेगी।

दुनिया के आगे कुछ नहीं कहना,
तेरे रोने से वहां कुछ नहीं होना,
रो रो के कहोगे तो हँस के उड़ाएगी,
मैया मैया बोल नैया पार हो जायेगी।

अपनी लगन मईया रानी से लगा ले,
अम्बे रानी को तू अपना बना ले,
तेरी ये लगन ऐसा रंग ले आएगी,
मैया मैया बोल नैया पार हो जायेगी।

मैया मैया बोल नैया पार हो जाएगी,
मैया मैया बोल नैया पार हो जाएगी,
पार हो जाएगी, किनारे लग जाएगी,
मैया मैया बोल नैया पार हो जायेगी।

82

जै माता की

माँ तुम हो, माँ तुम हो

तेरे दरबार पे, माँ जो भी कोई आएगा,
वो जो माँगेगा, वो ही तुझसे पायेगा,
सच्ची श्रद्धा से चल कर आने वाले का,
बिगड़ा हुआ मुक्कदर माँ संवर जाएगा,
सोये भाग्य जगाने वाली,
मेरे कष्ट मिटाने वाली,
माँ तुम हो, माँ तुम हो,
माँ तुम ही तो हो।
एक तुम हो, बस तुम हो,
सिर्फ तुम ही तो हो।

मेरी चिंता हरने वाली, मेरा दामन भरने वाली,
माँ तुम हो, माँ तुम हो,
माँ तुम ही तो हो,
एक तुम हो, बस तुम हो,
सिर्फ तुम ही तो हो।

तुझ सा दयालू माँ, इस सृष्टि में,
एक से हो जिस दृष्टि में, और ना कोई,
निर्मल ममता की रस धारा, मैया तुम हो,
अमर अनंता, अपरमपारा, मैया तुम हो,

धन वैभव सुख देने वाली,

दु:ख सारे ही हरने वाली,

माँ तुम हो, माँ तुम हो,

माँ तुम ही तो हो,

एक तुम हो, बस तुम हो,

सिर्फ तुम ही तो हो।

पारस मणियों से कहीं बढ़ के, चरण तुम्हारे,

जिनको छूकर हो गए कुंदन, करम हमारे,

तेरी रहमत की माँ जबसे, मिल गई छाया,

दूर हुई बेचौनी मन की, चौन है पाया,

फूल, काँटों को कर देने वाली,

मनवांछित वर देने वाली,

माँ तुम हो, माँ तुम हो,

माँ तुम ही तो हो,

एक तुम हो, बस तुम हो,

सिर्फ तुम ही तो हो।

सोये भाग्य जगाने वाली,

मेरे कष्ट मिटाने वाली,

माँ तुम हो, माँ तुम हो,

माँ तुम ही तो हो।

एक तुम हो, बस तुम हो,

सिर्फ तुम ही तो हो।

मेरी चिंता हरने वाली, मेरा दामन भरने वाली,

माँ तुम हो, माँ तुम हो,
माँ तुम ही तो हो,
एक तुम हो, बस तुम हो,
सिर्फ तुम ही तो हो।

83

जै माता की

कैसे बनी कैसे बनी,
मैया की लाल चुनरी कैसी बनी,
ये चुनरी विष्णु ने बनाई,
गोटा किनारी लक्ष्मी ने लगाई,
ऐसे बनी हो रामा ऐसे बनी,
मैया की लाल चुनरी ऐसे बनी।

ये चुनरी राम ने बनाई,
गोटा किनारी सीता ने लगाई,
ऐसे बनी हो रामा ऐसे बनी,
मैया की लाल चुनरी ऐसे बनी।

ये चुनरी भोले ने बनाई,
गोटा किनारी गौरा ने लगाई,
ऐसे बनी हो रामा ऐसे बनी,
मैया की लाल चुनरी ऐसे बनी।

ये चुनरी कान्हा ने बनाई,
गोटा किनारी राधा ने लगाई,
ऐसे बनी हो रामा ऐसे बनी,
मैया की लाल चुनरी ऐसे बनी।

ये चुनरी लांगुर ने बनाई,
गोटा किनारी भक्तों ने लगाई,
ऐसे बनी हो रामा ऐसे बनी,
मैया की लाल चुनरी ऐसे बनी।

84

जै माता की

अपने भगत से कितना मां प्यार करती है
रहती है पहाड़ो में पर ध्यान रखती है।

जब भी पुकारोगे मां दौड़ कर आये
चांदी का सिंहासन मां छोड़ कर आये
मझधार में हो नैया मां पार करती है

हम मांगते रहते वो भेजती रहती
भगतो की हालत को मां देखती रहती
भगतों की खाली झोली हर बार भरती है

कर्जा तुम्हारा मां कैसे उतरेंगे
मां तेरी सेवा में जीवन गुजारेंगे
गर्दन झुकी है मेरी आँखें बरसती है ।

अपने भगत से कितना मां प्यार करती है

85

जै माता की

तेरी उतारू नजरिया ओ रिद्धि सिद्धि के सांवरिया
रिद्धि के सांवरिया सिद्धि के सांवरिया
तेरी उतारू नजरिया

माथे पर है मुकुट विराजे
घर आंगन शुभ लाभ है साजे
मूषक घुमावे नगरिया ओ रिद्धि सिद्धि के सांवरिया
तेरी उतारू नजरिया

हे गणराज गजानन आओ
लड्डूओ का तुम भोग लगाओ
भक्तों से भरी है नगरिया ओ रिद्धि सिद्धि के सांवरिया
तेरी उतारू नजरिया

एकदंत दयावंत चार भुजा धारी
हे शिव नंदन गोरा हितकारी
ले लो हमारी खबरिया ओ रिद्धि सिद्धि के सांवरिया
तेरी उतारू नजरिया

86

जै माता की

बोलो सदा जयकार पवनसुत महाबली की,
बोलो सदा जयकार पवनसुत महाबली की,
बोलो सदा जयकार पवनसुत महाबली की,
बोलो सदा जयकार पवनसुत महाबली की

केसरिनंदन बलधारी की,
केसरिनंदन बलधारी की,
मारुतिनंदन उपकारी की,
मारुतिनंदन उपकारी की

आओ करें सेवा आज पवनसुत महाबली की,
आओ करें सेवा आज पवनसुत महाबली की

बोलो सदा जयकार पवनसुत महाबली की,
बोलो सदा जयकार पवनसुत महाबली की

अपने कपीस को मन में बसा के,
अपने कपीस को मन में बसा के,
निस करो पूजन दर पे आके,
निस करो पूजन दर पे आके

अपने कपीस को मन में बसा के,
निस करो पूजन दर पे आके,

आओ शरण सुबह–शाम पवनसुत महाबली की,
आओ शरण सुबह–शाम पवनसुत महाबली की

बोलो सदा जयकार पवनसुत महाबली की,
बोलो सदा जयकार पवनसुत महाबली की

संकट–मोचन नाम जो ध्यावे,
संकट–मोचन नाम जो ध्यावे,
संकट उसके पास ना आवे,
संकट उसके पास ना आवे

महिमा गाएँ दिन–रात पवनसुत महाबली की,
महिमा गाएँ दिन–रात पवनसुत महाबली की

बोलो सदा जयकार पवनसुत महाबली की,
बोलो सदा जयकार पवनसुत महाबली की,
बोलो सदा जयकार पवनसुत महाबली की,
बोलो सदा जयकार पवनसुत महाबली की

87

जै माता की

लगन तुमसे लगा बैठे, जो होगा देखा जाएगा,
तुम्हें अपना बना बैठे, जो होगा देखा जाएगा,

कभी दुनियाँ से डरते थे, छुप छुप याद करते थे,
लो अब परदा उठा बैठे, जो होगा देखा जाएगा,
लगन तुमसे लगा बैठे, जो होगा देखा जाएगा,
तुम्हें अपना बना बैठे, जो होगा देखा जायेगा,

कभी डर था दुनियाँ , हमें बदनाम कर देगी,
शर्म अब बेच खा बैठे, जो होगा देखा जाएगा,
लगन तुमसे लगा बैठे, जो होगा देखा जाएगा,
तुम्हें अपना बना बैठे, जो होगा देखा जायेगा,

दीवाने बन गए तेरे तो फिर, दुनियाँ से क्या मतलब,
तुम्हें अपना बना बैठे, जो होगा देखा जायेगा,
लगन तुमसे लगा बैठे, जो होगा देखा जाएगा,
तुम्हें अपना बना बैठे, जो होगा देखा जायेगा,

जै माता की

श्री राम स्तुति – श्रीरामचन्द्र कृपालु भज मन – अर्थसहित

श्रीरामचन्द्र कृपालु भज मन, हरण भवभय दारुणम्।

नवकंज–लोचन कंज–मुख कर,–कंज पद–कंजारुणम्॥

श्रीरामचन्द्र कृपालु भज मन – हे मन, कृपालु (कृपा करनेवाले, दया करनेवाले) भगवान श्रीरामचंद्रजी का भजन कर

हरण भवभय दारुणम्। – वे संसार के जन्म–मरण रूप दारुण भय को दूर करने वाले है– दारुणः कठोर, भीषण, घोर (**frightful, terrible**) नवकंज–लोचन – उनके नेत्र नव–विकसित कमल के समान है कंज–मुख – मुख कमल के समान हैं कर–कंज – हाथ (कर) कमल के समान हैं पद–कंजारुणम॥ – चरण (पद) भी कमल के समान हैं

कंदर्प अगणित अमित छबि, नव नील नीरज सुन्दरम्।

पटपीत मानहुं तड़ित रूचि–शुची, नौमि जनक सुतावरम्॥

कंदर्प अगणित अमित छबि – उनके सौंदर्य की छ्टा अगणित (असंख्य, अनगिनत) कामदेवो से बढ़कर है

नव नील नीरज सुन्दरम् – उनका नवीन नील नीरज (कमल, सजल मेघ) जैसा सुंदर वर्ण है

पटपीत मानहुं तड़ित रूचि–शुची पीताम्बर मेघरूप शरीर मानो बिजली के समान चमक रहा है

नौमि जनक सुतावरम् – ऐसे पावनरूप जानकीपति श्रीरामजी को मै नमस्कार करता हूँ

भजु दीन बन्धु दिनेश, दानव दैत्यवंश निकन्दनम्।

रघुनन्द आनंदकंद कोशल, चन्द दशरथ नन्दनम्॥

भजु दीन बन्धु दिनेश – हे मन, दीनो के बंधू, सुर्य के समान तेजस्वी

दानव दैत्यवंश निकन्दनम् – दानव और दैत्यो के वंश का नाश करने वाले

रघुनन्द आनंदकंद कोशल चन्द – आनन्दकंद, कोशल–देशरूपी आकाश मे

निर्मल चंद्र्मा के समान

दशरथ नन्दनम् – दशरथनंदन श्रीराम (रघुनन्द) का भजन कर

सिर मुकुट कुण्डल तिलक चारु, उदारु अङ्ग विभूषणम्।

आजानुभुज शर चापधर, सङ्ग्राम–जित–खर दूषणम्॥

सिर मुकुट कुण्डल तिलक चारु–जिनके मस्तक पर रत्नजडित मुकुट, कानो मे कुण्डल, मस्तक पर तिलक और

उदारु अङ्ग विभूषणम् –प्रत्येक अंग मे सुंदर आभूषण सुशोभित हो रहे है

आजानुभुज –जिनकी भुजाए घुटनो तक लम्बी है और

शर चापधर –जो धनुष–बाण लिये हुए है.

सङ्ग्राम–जित–खर दूषणम् –जिन्होने संग्राम मे खर–दूषण को जीत लिया है

इति वदति तुलसीदास, शंकर शेष मुनि मन रंजनम्।

मम ह्रदयकंज निवास कुरु, कामादि खलदल गंजनम्॥

इति वदति तुलसीदास –तुलसीदासजी प्रार्थना करते है कि

शंकर शेष मुनि मन रंजनम् –शिव, शेष और मुनियो के मन को प्रसन्न करने वाले

मम ह्रदयकंज निवास कुरु –श्रीरघुनाथजी मेरे ह्रदय कमल मे सदा निवास करे जो

कामादि खलदल गंजनम् –कामादि (काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह) शत्रुओ का नाश करने वाले है

मनु जाहीं राचेउ मिलिहि सो बरु, सहज सुन्दर साँवरो।

करुना निधान सुजान सीलु, सनेहु जानत रावरो॥

मनु जाहीं राचेउ मिलिहि सो बरु –जिसमे तुम्हारा मन अनुरक्त हो गया है, वही वर (श्रीरामचंद्रजी) तुमको मिलेगा

सहज सुन्दर साँवरो –वह स्वभाव से सहज, सुंदर और सांवला है

करुना निधान सुजान सीलु –वह करुणा निधान (दया का खजाना), सुजान (सर्वज्ञ, सब जाननेवाला), शीलवान है

सनेहु जानत रावरो –तुम्हारे स्नेह को जानता है

एही भांति गोरी असीस सुनी, सिय सहित हिय हरषीं अली।

तुलसी भावानिह पूजी पुनि–पुनि, मुदित मन मंदिर चली॥

सिय सहित हिय हरषीं अली –जानकीजी समेत सभी सखियाँ ह्रदय मे हर्षित हुई

एही भांति गोरी असीस सुनी –इस प्रकार श्रीगौरीजी का आशीर्वाद सुनकर

(इस प्रकार श्रीगौरीजी का आशीर्वाद सुनकर जानकीजी समेत सभी सखियाँ ह्रदय मे हर्षित हुई)

तुलसी भावानिह पूजी पुनि–पुनि –तुलसीदासजी कहते है, भवानीजी को बार–बार (पुनि–पुनि) पूजकर

मुदित मन मंदिर चली –सीताजी प्रसन्न मन से राजमहल को लौट चली।

॥सियावर रामचंद्र की जय॥

89

जै माता की

श्रीरामचन्द्र कृपालु भज मन – श्री राम आरती

श्रीरामचन्द्र कृपालु भज मन, हरण भवभय दारुणम्।
नवकंज–लोचन कंज–मुख, कर–कंज पद–कंजारुणम्॥

कंदर्प अगणित अमित छबि, नव नील नीरज सुन्दरम्।
पटपीत मानहुं तड़ित रूचि–शुची, नौमि जनक सुतावरम्॥

श्रीरामचन्द्र कृपालु भज मन, हरण भवभय दारुणम्।

भजु दीन बन्धु दिनेश, दानव दैत्यवंश निकन्दनम्।
रघुनन्द आनंदकंद कोशल चन्द, दशरथ नन्दनम्॥

श्रीरामचन्द्र कृपालु भज मन, हरण भवभय दारुणम्।

सिर मुकुट कुण्डल तिलक चारु, उदारु अङ्ग विभूषणम्।
आजानुभुज शर चापधर, सङ्ग्राम–जित–खर दूषणम्॥

श्रीरामचन्द्र कृपालु भज मन, हरण भवभय दारुणम्।

इति वदति तुलसीदास, शंकर शेष मुनि मन रंजनम्।
मम ह्रदयकंज निवास कुरु, कामादि खलदल गंजनम्॥

श्रीरामचन्द्र कृपालु भज मन, हरण भवभय दारुणम्।

मनु जाहीं राचेउ मिलिहि सो बरु, सहज सुन्दर साँवरो।

करुना निधान सुजान सीलु, सनेहु जानत रावरो॥

श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन, हरण भवभय दारुणम्।

एही भांति गोरी असीस सुनी, सिय सहित हिय हरषीं अली।

तुलसी भावानिह पूजी पुनि–पुनि, मुदित मन मंदिर चली॥

श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन, हरण भवभय दारुणम्।

जानी गौरी अनुकूल सिय, हिय हरषु न जाइ कहि।

मंजुल मंगल मूल बाम, अंग फरकन लगे॥

श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन, हरण भवभय दारुणम्।

॥सियावर रामचंद्र की जय॥

90

जै माता की

श्री राम जन्म

भए प्रगट कृपाला, दीनदयाला,

कौसल्या हितकारी।

हरषित महतारी, मुनि मन हारी,

अद्‌भुत रूप बिचारी॥

भए प्रगट कृपाला – कृपालु प्रभु प्रकट हुए

दीनदयाला – दीनों पर दया करने वाले

कौसल्या हितकारी – कौसल्याजी के हितकारी

हरषित महतारी – माता हर्ष से भर गई

मुनि मन हारी – मुनियों के मन को हरने वाले

अद्‌भुत रूप बिचारी – उनके अद्‌भुत रूप का विचार करके

जब कृपा के सागर, कौशल्या के हितकारी, दीनदयालु प्रभु प्रकट हुए, तब उनका अद्‌भुत स्वरुप देखकर माता कौशल्या परम प्रसन्न हुई।

जिन की शोभा को देखकर मुनि लोगों के मन मोहित हो जाते हैं, उस स्वरूप का दर्शन कर माता हर्ष से भर गई।

लोचन अभिरामा, तनु घनस्यामा,

निज आयुध भुजचारी।

भूषन बनमाला, नयन बिसाला,

सोभासिंधु खरारी॥

लोचन अभिरामा – नेत्रों को आनंद देने वाले

तनु घनस्यामा – मेघ के समान श्याम शरीर

निज आयुध भुजचारी – चारों भुजाओं में शस्त्र (आयुध) धारण किए हुए थे

भूषन – दिव्य आभूषण और

बनमाला – वनमाला पहने हुए थे,

नयन बिसाला – बड़े–बड़े नेत्र थे,

सोभासिंधु – इस प्रकार शोभा के समुद्र तथा

खरारी – खर राक्षस को मारने वाले भगवान प्रकट हुए।

कैसा है यह स्वरूप, तुलसीदासजी कहते हैं कि सुंदर नेत्र है, मेघसा श्याम शरीर है, चारों भुजाओं में अपने चारों शस्त्र (शंख, चक्र, गदा, पद्म) धरे है।

वनमाला पहने हैं, सब अंगों में आभूषण सजे है, बड़े विशाल नेत्र है, शोभा के सागर और खर नाम राक्षस के बैरी है।

कह दुइ कर जोरी, अस्तुति तोरी,

केहि बिधि करूं अनंता।

माया गुन ग्यानातीत अमाना,

वेद पुरान भनंता॥

कह दुइ कर जोरी – दोनों हाथ जोड़कर माता कहने लगी

अस्तुति तोरी – तुम्हारी स्तुति

केहि बिधि करूं – मैं किस प्रकार करूँ

अनंता – हे अनंत!

माया गुन ग्यानातीत अमाना – माया, गुण और ज्ञान से परे

वेद पुरान भनंता – वेद और पुराण तुम को बतलाते हैं (वेद और पुराण तुम को माया, गुण और ज्ञान से परे बतलाते हैं)

दोनों हाथ जोड़ कौशल्या ने कहा कि हे अनंत प्रभु, मैं आप की स्तुति कैसे करू।

क्योंकि वेद और पुराण भी ऐसे कहते हैं कि प्रभु का स्वरूप माया के गुणों से परे, इंद्रियजन्य ज्ञान से अगोचर और प्रमाण का विषय नहीं है।

करुना सुख सागर, सब गुन आगर,

जेहि गावहिं श्रुति संता।

सो मम हित लागी, जन अनुरागी,

भयउ प्रगट श्रीकंता॥

करुना सुख सागर – दया और सुख का समुद्र,

सब गुन आगर – सब गुणों का धाम कहकर

जेहि गावहिं श्रुति संता – श्रुतियाँ और संतजन जिनका गान करते हैं

सो मम हित लागी – मेरे कल्याण के लिए

जन अनुरागी – वही भक्तों पर प्रेम करने वाले

भयउ प्रगट श्रीकंता – लक्ष्मीपति भगवान प्रकट हुए हैं

सो हे प्रभु मैं तो ऐसे जानती हूँ कि जिसे श्रुति और संत लोग गाते हैं, वे करुणा व सुखके सागर, सब गुणों के आगर (भण्डार), भक्त अनुरागी, लक्ष्मीपति, प्रभु मेरा हित करने के लिए प्रकट हुए है।

ब्रह्मांड निकाया, निर्मित माया,

रोम रोम प्रति बेद कहै।

मम उर सो बासी, यह उपहासी,

सुनत धीर मति थिर न रहै॥

ब्रह्मांड निकाया – अनेकों ब्रह्माण्डों के समूह हैं

निर्मित माया – माया के रचे हुए

रोम रोम – आपके रोम–रोम में रहते हैं

प्रति बेद कहै – ऐसा वेद कहते हैं

मम उर सो बासी – वे तुम मेरे गर्भ में रहे

यह उपहासी – इस हँसी की बात

सुनत धीर – सुनने पर धीर (विवेकी) पुरुषों की बुद्धि भी

मति थिर न रहै – स्थिर नहीं रहती (विचलित हो जाती है)

और हे प्रभु, वेद ऐसे कहते हैं कि आपके रोम–रोम में माया से रचे हुए अनेक ब्रह्मांड समूह रहते हैं सो वे आप मेरे उदर (गर्भ) में कैसे रहे। इस बात की मुझे बड़ी हंसी आती है। केवल मैं ही नहीं बड़े–बड़े धीर पुरुषों की बुद्धि भी यह बात सुनकर धीर नहीं रहती।

उपजा जब ग्याना, प्रभु मुसुकाना,

चरित बहुत बिधि कीन्ह चहै।

कहि कथा सुहाई, मातु बुझाई,

जेहि प्रकार सुत प्रेम लहै॥

उपजा जब ग्याना – जब माता को ज्ञान उत्पन्न हुआ

प्रभु मुसुकाना – तब प्रभु मुस्कुराए

चरित बहुत बिधि कीन्ह चहै – वे बहुत प्रकार के चरित्र करना चाहते हैं

कहि कथा सुहाई – अतः उन्होंने (पूर्व जन्म की) सुंदर कथा कहकर

मातु बुझाई – माता को समझाया

जेहि प्रकार सुत प्रेम लहै – जिससे उन्हें पुत्र का प्रेम प्राप्त हो और भगवान के प्रति पुत्र का भाव आ जाए

जब कौशल्या को ज्ञान प्राप्त हो गया तब प्रभु हँसे कि देखो इसको किस वक्त में ज्ञान प्राप्त हुआ है अभी इसको ज्ञान नहीं होना चाहिए। क्योंकि, अभी मुझको बहुत चरित्र करने हैं। उस वक्त प्रभु अनेक प्रकार के चरित्र करना चाहते थे, इसलिए माता को अनेक प्रकार की कथा सुना कर ऐसे समझा बुझा दिया कि जिस तरह उसके मन में पुत्र का प्रेम आ गया।

माता पुनि बोली, सो मति डोली,

तजहु तात यह रूपा।

कीजै सिसुलीला, अति प्रियसीला,

यह सुख परम अनूपा॥

माता पुनि बोली, सो मति डोली – प्रभु की प्रेरणा से कौशल्या माँ की बुद्धि दूसरी ओर डोल गई, तब वह फिर बोली

तजहु तात यह रूपा – हे तात! यह रूप छोड़कर

कीजै सिसुलीला – बाललीला करो

अति प्रियसीला – जो मेरे लिए अत्यन्त प्रिय है

यह सुख परम अनूपा – यह सुख मेरे लिए परम अनुपम होगा

प्रभु की प्रेरणा से कौशल्या की बुद्धि दूसरी ओर डोल गई जिससे वह फिर बोली कि हे तात! आप यह स्वरूप तज (छोड़) दो।

बालक स्वरूप धारण कर, अतिशय प्रिय स्वभाव वाली बाल लीला करो। यह सुख मुझको बहुत अच्छा लगता है।

सुनि बचन सुजाना, रोदन ठाना,

होइ बालक सुरभूपा।

यह चरित जे गावहिं, हरिपद पावहिं,

ते न परहिं भवकूपा॥

सुनि बचन सुजाना – माता के ऐसे वचन सुनकर

रोदन ठाना – (भगवान ने बालक रूप धारण कर) रोना शुरू कर दिया

होइ बालक – बालक रूप धारण कर

सुरभूपा – देवताओं के स्वामी भगवान ने

यह चरित जे गावहिं – जो इस चरित्र का गान करते हैं

हरिपद पावहिं – वे श्री हरि का पद (भगवत पद) पाते हैं

ते न परहिं – और वे फिर नहीं गिरते

भवकूपा – संसार रूपी कुएं में (और फिर संसार रूपी माया में नहीं गिरते)

माता के ऐसे वचन सुन प्रभु ने बालक स्वरूप धारण कर रुदन करना (रोना) शुरू किया। महादेव जी कहते हैं कि हे पार्वती जो मनुष्य इस चरित्र को गाते हैं वह मनुष्य अवश्य भगवत पद को प्राप्त हो जाते हैं और वे कभी संसार रुपी कुए में नहीं गिरते।

91

जय माता की

चरण भले हैं भोली मां

मैया भवना वाली मेंहरा वाली है
मैया भवना वाली मेंहरा वाली है
मैया दिल्ली वाली भोली भाली है
माता सीता जी.......कह दो हनुमान से ....
थोड़ी राम जी की भक्ति का प्रसाद दे दो
संकट पड़े तो हनुमान को बुलाऊं
अपने मन पावन शक्ति जगाऊं
चरण भले हैं भोली मां – माई तुमरे चरण भले

जय जय मां – अम्बा तुमरे चरण भले

भोली अम्मा – अम्मा तुमरे चरण भले

भोले बाबा – बाबा तुमरे चरण भले

इन चरणों को मैं क्या शोभा वरनू

इन चरणों की मैं क्या छवि वरनू

ये तो मेंहदी से लाल रचे – माई तेरे चरण भले

इन चरणों की मैं क्या महिमा वरनू

इन चरणों का मैं क्या यश वरनू

सुर मुनि ध्यान धरे – माई तेरे चरण भले

इन चरणों विच कलियाँ सोहे

कलियाँ भी सोहे मानक छड़ियाँ सोहे

हीरे मोती रतन जड़े – माई तेरे चरण भले

इन चरणों पे बलि बलि जाऐं
मैया चरण कमल रज पाऐ
बाबा चरण कमल रज पाऐ
चरण रज पाऐं ताप मिटाऐ
मैया बाबा की चरणी पड़े – माई तेरे चरण भले